**Regarding Indian citizens missing in Russia-Laid**

श्री अमरिंदर सिंह राजा वारिंग **(**लुधियाना**) :** मैं रूस में एक वर्ष से लापता 14 भारतीयों की स्थिति की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूँ । इनके परिवार लगातार चिंता और अनिश्चितता में हैं । मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आशंका है कि ये भारतीय नागरिक किसी तरह रूसी सेना में भर्ती कर लिए गए हैं । मैं जानना चाहता हूँ कि क्या भारत सरकार ने यह मुद्दा रूस सरकार के सामने उठाया है? क्या इस पर कोई जांच हुई है? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? यह भी सामने आया है कि इन नागरिकों को फर्जी एजेंटों ने मलेशिया, सिंगापुर, इटली में नौकरी का झांसा देकर मास्को भेजा और उनसे लाखों रुपये ठगे । क्या ऐसे एजेंटों पर कोई कार्रवाई हुई है? सरकार जाँचों का हवाला दे सकती है, राजनयिक प्रयासों का हवाला दे सकती है, कह सकती है कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए प्रोटोकॉल लागू हैं । लेकिन यह पहली बार नहीं है जब विदेश में काम की तलाश कर रहे भारतीयों को हम सुरक्षित नहीं रख सके । मैं आग्रह करता हूँ कि इस मामले को अत्यंत संवेदनशीलता और तत्परता के साथ लें और हमारे इन लापता भाइयों को खोजने के लिए हर संभव प्रयास करें ताकि उनके परिजनों को राहत मिल सके ।